# साहित्य अकादमी में हिंदी पखवाड़े का आगाज



हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ करतीं अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा। अमर उजाला

नई दिल्ली। मंडी हाउस स्थित साहित्य अकादमी में मंगलवार दो हफ्तों तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े का आगाज किया गया। इसका उद्घाटन अकादमी की उपाध्यक्ष प्रो. कुमुद शर्मा ने किया और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाषाविद् उदयनारायण सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान प्रो. कुमुद ने बताया कि भाषा समाज और समुदाय की संस्कृति को संरक्षित रखती है, लेकिन एकता की यह भाषा आंकड़ों की भाषा बनने की ओर अग्रसर है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत अकादमी के उपसचिव कृष्णा के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद अकादमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश ने गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह का संदेश सभी को पढ़कर सुनाया। उदय नारायण सिंह ने हिंदी के भाषा भूगोल और काल को बहुत ही रोचक बताया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा कार्यान्वयन समिति के प्रभारी देवेंद्र कुमार देवेश ने किया। ब्यूरो